हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 11 मई 2024

11 बिना किसी प्रलोभन के देशहित में मतदान...



12 भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम : शर्मा



इस कटिंग के साथ सागर चाय 250 ग्राम का 1 रेपर व अपनी फोटो नाम व पता के साथ Whatsapp करें।
और हर महीने के आखिरी दिन 1 SUJATA JMG लक्की ड्रा में जीतने को सुनहरा मौका पाएं।
सागर चाय
MITTAL TRADING CO.
Jain Chowk, Bhiwani
Mob: 92152-43212

# विकास नगर नागरिक सभा में लोगों ने नारेबाजी कर जताया रोष

## हाईकोर्ट के आदेशों की अवमानना कर जिला प्रशासन ने की कार्रवाई





भिवानी। विकास नगर में डी प्लान के तहत सरकार द्वारा लगाए द्वार को बिना नोटिस तोड़े जाने के बाद का दृश्य और मार्केट कमेटी द्वारा कोर्ट के आदेशों पर लगाए गए गेट को तोड़े जाने के बाद का दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- रोहतक गेट स्थित सब्जी मंडी के साथ लगती सड़क पर तोड़फोड़ का मामला

विकास नगर पार्क में शुक्रवार को विकास नगर नागरिक सभा की बैठक का आयोजन किया गया। कार्रवाई के विरोध में क्षेत्र के लोगों ने नारेबाजी की। बैठक की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष डॉ. आरबी गोयल ने की। इस दौरान पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशों की अवमानना करते हुए जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई की निंदा कर रोष जताया गया।

डा. आरबी गोयल ने कहा कि उच्च न्यायालय ने वर्ष 2010 में किए आदेशों के बाद 29 अप्रैल को वर्तमान स्थिति की रिपोर्ट तलब की है और इसी आदेश के कारण बीते रोज रोहतक गेट स्थित सब्जी मंडी के साथ लगती 60 फुट एवं 80 फुट विकास नगर की



सड़क पर तोड़फोड़ गई। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा की गई यह कार्रवाई न्यायालय के आदेशों की अवहेलना है तथा इसमें मार्केट कमेटी के शीर्ष अधिकारियों की मिलीभगत है। जिससे भ्रष्टाचार की बू आ रही है। उन्होंने कहा कि सब्जी मंडी के गैर कानूनी व्यापार को बढ़ावा देने के लिए न्यायालय के आदेशों पर लगाए गए मंडी में विकेट गेट तोड़ना व रोड के दोनों तरफ लगाए गए अवरोध को हटाना,इस बात का स्पष्ट सबूत है। साथ ही नगर परिषद की स्वीकृति से लगाए गए नगर सुधार मंडल द्वारा लगाए गेट सुरक्षा गेट व अदालत के आदेश पर मार्केट कमेटी द्वारा बनाए गए विकेट गेट व नगर परिषद द्वारा लगाए गए बेरीकट्स सभी सरकारी प्रोपर्टीज बिना कोई नोटिस व समय दिए तोडन्ना मिलीभगत को पुख्ता करता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की एक तरफ। कार्रवाई से नाराज उपस्थित सभी सदस्यों ने घोर निंदा की तथा उपायुक्त से मिलकर यथास्थिति से अवगत करवाने तथा न्यायालय के आदेशानुसार विकास नगर की सडक़ों पर लोडिंग.अनलोडिंग बंद करवाने, ट्रक, मैक्सी केब, रेहडिय़ों से हर समय लगने वाले जाम से निजात दिलाने, सब्जी मंडी की दुकान नंबर.1 से 34 तक पूर्व की भांति बाउंडरी वॉल का निर्माण करवाने, कोर्ट.यार्ड बहाल करवाने, मंडी के अंदर लोडिंग.अनलोडिंग प्लेटफॉर्म को खाली करवाने, मंडी में सफाई व्यवस्था ठीक करवाने, मंडी का कूडा निकास नगर की सडक़ पर ना डालने की व्यवस्था करने व 2010 में हाईकोर्ट के आदेशों पर पारित अन्य आदेशों की अनुपालना करने की मांग से अगवत करवाने की बात कही।



भिवानी। रक्तदान करते रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भेंट करते अतिथि।

# रक्तदान से बड़ी मानव सेवा दूसरी और कोई नहीं: डुडेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- तीन रक्तदाताओं ने पीलिया से ग्रस्त महिला को आपात स्थिति में रक्त मुहैया करवाकर मानव सेवा का उदाहरण पेश किया

रक्तदान के माध्यम से जब आपात स्थिति में किसी मरीज की जिंदगी बचती है तो उस व्यक्ति की कई पीढिय़ों के भावात्मक आशीर्वाद का पुण्य रक्तदाता को मिलता है। इसीलिए रक्तदान का ना केवल महादान, बल्कि जीवनदान भी कहा गया है। रक्तदान-महादान की राह पर चलते हुए तीन रक्तदाताओं ने पीलिया रोग से ग्रस्त महिला को आपात स्थिति में रक्त मुहैया करवाकर मानव सेवा का एक उदाहरण पेश किया है।

आपात स्थिति में रक्तदान करने वाले युवाओं को शकतवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने बताया कि भिवानी के एक निजी अस्पताल में दाखिल पीलिया रोग से ग्रस्त महिला के लिए तीन यूनिट ए-पॉजिटिव रक्त की जरूरत की सूचना मिलने पर रक्तवीर विनोद मित्तल, जितेंद्र शर्मा व विशाल शर्मा ने निःस्वार्थ भाव से रक्तदान कर मरीज की जान बचाई। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई अन्य सेवा का कार्य नही हो सकता। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने वाला व्यक्ति सिर्फ एक जान नहीं बचाता, बल्कि उससे जुड़े अनेक व्यक्तियों की जिंदगी में खुशी भरता है, इसीलिए प्रत्येक युवा को चाहिए कि वे बढ़-चढ़कर रक्तदान करें तथा जरूरतमंदों की जान बचाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि इस समय गर्मी का मौसम है। ऐसे में रक्त की कमी बढ़ जाती है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर डा. मंदीप पंघाल, वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन सतीश कुमार, योगेश जांगड़ा ने भी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप



### पर्स और फोन चोरी मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

भिवानी। पुलिस की सीआईए प्रथम टीम ने महिला का पर्स व फोन चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को भिवानी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कलाली निवासी महिला ने थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। आरोपियों की पहचान नवीन निवासी सिटी स्टेशन राजीव कॉलोनी भिवानी व गौरव निवासी जैन चौक भिवानी के रूप में हुई है। आरोपियों से 10000 रुपये व फोन को बरामद कर लिया गया है।

### फोन चोरी करने के मामले में आरोपित को दबोचा

भिवानी। थाना शहर पुलिस भिवानी ने चाय की दुकान पर व्यक्ति का फोन चोरी करने के मामले में आरोपी को तोशाम बाईपास भिवानी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सत्यवान निवासी हनुमान गेट भिवानी में थाना शहर पुलिस को फोन चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। थाना शहर भिवानी के अंतर्गत पुलिस चौकी बीटीएम के मुख्य सिपाही ओमप्रकाश ने फोन चोरी करने के मामले में आरोपी को तोशाम बाईपास भिवानी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान अमित निवासी रूद्रा कॉलोनी भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी से चोरी किया फोन बरामद कर लिया है।

### 14 लाख के 71 गुम हुए फोन मालिकों को सौंपे



भिवानी। गुम हुए मोबाइल फोन के साथ फोन मालिक। फोटो : हरिभूमि

भिवानी। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला आईपीएस ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कांफ्रेंस हाल में खोए हुए मोबाइल फोन उनके मालिक को दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक भिवानी ने आमजन से अपील की है कि वह अपने मोबाइल फोन का विशेष तौर पर सार्वजनिक स्थलों पर ध्यान रखें व किसी अनजान व्यक्ति को प्रभावी कार्य न होने पर अपने मोबाइल से बात करने के लिए न दें। वही मोबाइल फोन गुम होने की स्थिति में तुरंत अपना नंबर ब्लॉक करवा कर निकटवर्ती पुलिस को तुरंत सूचित करें। ताकि अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति किसी प्रकार से गुम हुए मोबाइल फोन का गलत प्रयोग ना कर सकें।

# रिटायर्ड कर्मचारी संघ का कन्वेशन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

रिटायर्ड कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय मीटिंग प्रधान सुन्दर सिंह कोच की अध्यक्षता में हुई। संचालन जिला सचिव नरेश शर्मा ने किया। मीटिंग को सम्बोधित करते हुए प्रधान सुन्दर सिंह कोच व सचिव नरेश शर्मा ने कहा कि हमारे संगठन द्वारा केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा कर्मचारी विरोधी फैसलों का विरोध करते हुए सरकार को सचेत किया था, लेकिन सरकार ने सरकारी महकमों का निजीकरण किया, स्थायी भर्ती करने के स्थान पर हरियाणा कौशल रोजगार निगम द्वारा ठेके पर कर्मचारी भर्ती किए, पूरे देश में बेरोजगारी है जबकि केन्द्र मे विभिन्न विभागो में 30 लाख से ज्यादा पद खाली है तथा राज्यों में भी लाखों पद खाली है।

उन्होंने कहा कि पुरानी पैंशन लागू करवाने, स्थायी भर्ती हो, करोनाकाल का बकाया 18 महीने का महंगाई भता दिलवाने, रिटायर्ड कर्मचारियों को पंजाब व



भिवानी। मीटिंग में चर्चा करते रिटायर्ड कर्मचारी।

हिमाचल प्रदेश सरकार की तर्ज पर 65 साल, 70 साल, 75 साल में 5%, 10%, 15% की पैंशन में वृद्धि के साथ लागू करवाने की मांग की। रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सभी विभागों के साथी भाई बहन भिवानी में सर्व कर्मचारी संघ कार्यालय बड़ चौक छोटूराम चौक महम रोड पर 11 मई को जिला स्तरीय कन्वैंशन करेंगे, जिसमें सभी ब्लॉकों से साथी हिस्सा लेगें और राज्य के पदाधिकारी सम्बोधित करेगें। मीटिंग में रिटायर्ड कर्मचारी संघ के राज्य महासचिव रतन कुमार जिन्दल, कैशियर निर्मल कुमार, ब्लॉक भिवानी के प्रधान फतेह सिंह, सचिव मास्टर चांदीराम ने भाग लिया।

# दोपहर बाद बौछारों ने गर्मी से दिलाई राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

पिछले लगातार तीन दिनों से इलाके में चिलचिलाती धूप और लगातार बढ़ रहे दिन के तापमान ने आम आदमी को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया था वहीं शुक्रवार को दोपहर बार अचानक मौसम में हुए परिवर्तन और तेज हवाओं के साथ हुई बरसात ने लोगों को गर्मी से राहत प्रदान की।

बता दें कि पिछले करीब एक सप्ताह से दिन के अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही थी और दोपहर के समय बाजार सुनसान दिखाई देने लगे थे। गर्मी के कारण इलाके इलाके में लगातार



लोहारू। दोपहर बाद हुई बरसात से तरबतर शहर की सड़कें। फोटो : हरिभूमि

कूलर और एसी की मांग भी बढ़ने के साथ साथ ठंडे पेय पदार्थों की मांग भी बढ़ने लगी थी। लोगों का मानना है कि इस बार जेष्ठ माह के शुरू होने से पहले ही बैशाख माह में ही गर्मी में तेवर कड़े कर लिए हैं। ऐसे में इस बार ज्येष्ठ माह में सूर्य की तपिश लोगों को अधिक सता सकती है। शुक्रवार को भी दिन के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिली। लेकिन दोपहर बाद करीब तीन बजे मौसम में यकायक परिवर्तन हुआ और आसमान में घने काले बादल छाने लगे और तेज हवाओं का दौर शुरू हो गया। मौसम में परिवर्तन के साथ आसमान से बिजली कडक़ने लगी और हलकी फुहारों का दौर शुरू हो गया। एक बारगी तो घने काले बादलों से दिन में भी अंधेरा सा छा गया था और शहर की सडक़ें बरसाती पानी से तरबतर हो गई। सांय छह बजे तक रुक रुककर हुई हलकी बरसात ने मौसम को खुशगवार बना दिया और वातावरण में ठंडक घोल दी। मौसम में परिवर्तन के बाद लोगों को गर्मी से काफी राहत महसूस हुई।

### पुण्यतिथि पर शिविर हुआ आयोजित 60 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

तोशाम। शुक्रवार को क्षेत्र के गांव मीरान में स्वर्गीय सुरेश शर्मा की पुण्य तिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन नई पहल और युवा क्लब के सहयोग से उनके सुपुत्र बजरंग शर्मा और भाईयो ने किया। इस मौके पर गांव के प्रतिभाशाली बच्चों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान रक्तदान शिविर का शुभारंभ राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिवानी के प्राचार्य सुरेश श्योराण ने गांव के सरपंच उमेद सिहाग की अध्यक्षता में किया। रक्तदान शिविर में बाढसा एम्स से पहुंची डॉ. प्रवीण की टीम ने शिविर का संचालन किया। शिविर के दौरान अनेक युवाओं ने रक्तदान करने में रुचि दिखाई तथा शिविर में 60 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस मौके पर गेट स्वास्थ संगठन ढाणी माहू के विभिन्न सदस्य धर्मेंद्र दुहन, चंद्रपाल शर्मा, शमशेर सहरावत, इंद्र सिहाग, रमेश शर्मा, मुकेश सिहाग, आशीष सिहाग, सुखबीर सिहाग, प्रो. मनोज लोधा, कुलदीप सहारण, एडवोकेट मुकेश कुमारी, राकेश शर्मा, नवीन सिहाग व युवा क्लब के युवाओं ने शिविर में भाग लिया।

# डॉ. मनीषा जिला भिवानी जूडो संघ की अध्यक्षा बनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



डॉ. मनीषा सांगवान को भारतीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त जिला भिवानी जूडो संघ का अध्यक्षा बनाया गया है। हरियाणा जूडो संघ के उपाध्यक्ष अजीत बामला ने बताया कि डॉ. मनीषा सांगवान को सर्वसम्मति से जिला जूडो संघ का अध्यक्षा मनोनीत किया है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही जिला जूडो संघ की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। अपनी नियुक्ति पर डॉ. मनीषा ने सभी का आभार जताया और जूडो खेल को ऊंचाइयों पर ले जाने की बात कही। जूडो संघ की कार्यकारिणी का निर्माण कर जल्द ही बैठक बुलाई जाएगी और जिले के कार्यक्रम घोषित कर दिये जाऐंगे। डा. मनीषा सांगवान हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव हैं। इस अवसर पर जूडो कोच विक्रम, जूडो कोच मुकेश, जूडो कोच सुषमा, कुसुम, जूडो कोच मीना, राहुल सोनी, जूडो संदीप तंवर, जूडो कोच राहुल, जूडो कोच नवीन सोलंकी आदि पदाधिकारी मौजूद थे।

### किसान मोर्चा के जिला सचिव बने धर्मेन्द्र बल्हारा



बवानीखेड़ा। धर्मेंद्र बल्हारा को भारतीय जनता पार्टी जिला सचिव किसान मोर्चा बनाए जाने पर धर्मेन्द्र बल्हारा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, वित्त मंत्री जेपी दलाल व बिजली मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला सहित पूर्व विधायक सुखविंदर, राज्य मंत्री विशंभर वाल्मीकि, जिला अध्यक्ष मुकेश गोड, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र पाल व सुरेश ओड सहित शीर्ष नेताओं का आभार जताते हुए बताया कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी सौंपी है वे उसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से पूरा करेंगें।




भिवानी। किसानों को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

# गेहूं और सरसों की सरकारी खरीद बंद करने पर भाकियू ने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

- बिक्री से वंचित किसानों को मौका नहीं देने पर आंदोलन का अल्टीमेटम

गेहूं व सरसों की सरकारी खरीद बंद करने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन ने रोष प्रकट किया। बिक्री से वंचित किसानों को मौका नहीं मिलने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। शुक्रवार को भाकियू पदाधिकारी जगबीर व रणबीर फौजी घिकाड़ा के नेतृत्व में यूनियन पदाधिकारी व किसान झोझू कलां खरीद केंद्र में एकत्रित हुए। किसानों ने बताया कि सरकार ने गेहूं व सरसों की सरकारी खरीद बंद कर दी है। जिससे 30 प्रतिशत किसान सरकारी रेट पर बिक्री से वंचित रह गए हैं।

किसानों ने भाकियू नेताओं के साथ विरोध प्रदर्शन किया था सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। फौजी ने कहा कि सरकार किसानों के अनाज को सरकारी भाव पर खरीदने में खानापूर्ति कर रही है। इतनी जल्दी सरकारी खरीद बंद करना किसानों के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि दादरी जिला के करीब 20 प्रतिशत किसानों ने गेहूं व सरसों की बिक्री नहीं की है, वहीं सरकार ने खरीद बंद कर दी। उन्होंने कहा की खरीद के दौरान भी उठान नहीं होने के कारण कई बार खरीद बंद हुई थी। जिसकी वजह से भी किसानों को मौका नहीं मिला। किसानों ने बताया की आज से पहले भी अधिकारियों को खरीद के लिए ज्ञापन दिया था, मगर सुनवाई नहीं की गई। सरकार किसानहित में कुछ दिन के लिए सरकारी खरीद शुरू करें। यूनियन पदाधिकारियों ने अल्टीमेटम देते हुए कहा अगर सोमवार तक खरीद शुरू नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा।

## परमसंत सतगुरु कंवर साहेब ने भक्तों को प्रवचनों से किया निहाल

# सत्संग का अर्थ ही सत्य का संग : संत कंवर साहेब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भक्ति करो तो निष्काम करो। पुत्र,धन,दौलत, निरोग की कामना काम की भक्ति है जबकि परोपकार और परमार्थ की आकांशा से की गई भक्ति निष्काम है। श्रद्धा विश्वास यकीन दृढ़ रखो तो परमात्मा आपके हाजिर नाजिर रहता है। सबसे बड़ा नेक कर्म है प्रभु की भक्ति क्योंकि इस कर्म में नेकी ही नेकी है।

यह सत्संग वचन परमसंत सतगुरु कंवर साहेब ने हिसार के कैमरी रोड पर स्थित राधास्वामी आश्रम में फरमाए। हुजूर कंवर साहेब ने कहा कि सत्संग निष्काम भक्ति की नींव रखता है। सतगुरु की मौज होती है तभी सत्संग हो पाता है। आज का सत्संग स्वतः कितने पावन दिन पर हो रहा है। आज जहां भगवान परशुराम जयंती है वहीं अक्षय तृतीया का भी बहुत बड़ा दिन है क्योंकि ब्रह्मा के पुत्र अक्षय का जन्म का दिन है। इसी दिन जहां महाभारत का युद्ध भी समाप्त हुआ था वहीं गंगा माँ का अवतरण भी शास्त्र इसी दिन को मानते हैं। वैसे तो सत्संग का अर्थ ही सत्य का संग है और सत्य से पाक पवित्र कुछ और नहीं होता फिर भी इतने शुभ



अवसरों पर सत्संग का होना इसके महत्व को और ज्यादा बढा देता है। गुरु महाराज ने कहा कि जैसे छूत का रोग तुरन्त फैलता है वैसे ही कुसंग का परिणाम भी बहुत जल्दी फैलता है। आज जब चारो और विषय विकारों का पसारा है तो ऐसे में हम कैसे बचें। हम बच सकते हैं किसी पूर्ण सतगुरु की शरण में जाने से। गुरु महाराज ने कहा कि जब भी भक्त का ख्याल बिगड़ता है परमात्मा उसे चेताने आता है। जैसे पिता अपने पुत्र पर दृष्टि रखता है वैसे ही परमात्मा भी अपनी संतानों पर हर पल नजर रखता है। वो हर पल उनकी मदद करता है जैसे नामदेव की,धन्ना भगत की,कर्मा कुबड़ी की की।

### कर्म करने से पहले उसका परिणाम अवश्य सोच लें

हुजूर कंवर साहेब ने फरमाया कि जीव को कर्म करने की आजादी अवश्य है, लेकिन करने से पहले उसके परिणाम अवश्य ही सोच ले। मन वचन कर्म से सत्कर्म करो। सतगुरु का आशीर्वाद तो हमेशा आपके अंग संग रहता है आवश्यकता है आपकी पात्रता की। गुरु महाराज ने कहा कि दिखावा नहीं मूल में बदलाव लाओ। परमात्मा से कैसे कुछ छिपाओगे उसकी अरबो खरबो आंखे हैं। दूसरे के प्रति दुर्भावना रखने वाला,मन में कुटिल विचार रखने वालाएगन्दे कर्म करने वाला भक्ति का कितना ही दिखावा कर ले उसका कुछ नहीं हो सकता। हुजूर ने हैरानी जताते हुए कहा कि जो बात हमें गर्त में ले जा रही हैं हम उन्हीं को बढ़ चढ़ कर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिसमें आसक्ति बढ़ाओगे वही आपको सबसे बड़ा दुख देगी। अपनी संतान को दूषित वातावरण नहीं बल्कि सत्य का संग थमाओ।



पोलर बियर 100 में से औसतन सिर्फ 2 बार ही अपने शिकार को पकड़ पाते हैं।



बोटो गुलाबी रंग के डॉलफिन की दुर्लभ प्रजाति है जो अमेज़न नदी में पायी जाती है।

# क्या है बॉम्बे आर्ट कोर्स, कैसे बनाएं करियर



नालेज

यंगभूमि डेस्क

कला संस्कृति हमारे भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग है, जो सदियों से चला आ रहा है। वर्तमान समय में भी बड़े पैमाने पर कला संस्कृति को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। भारत के कोने कोने में बड़े पैमाने पर विभिन्न प्रकार के शिक्षण संस्थान है जो कला से संबंधित पाठ्यक्रम का ज्ञान देते हैं तथा विभिन्न प्रकार की डिग्री प्रदान करते हैं जिसके आधार पर विद्यार्थी कला से संबंधित कार्य करते हैं और लोगों को जागरूक करते हैं अथवा कला से संबंधित अध्यापक बनते हैं। अगर आप का भी सपना कला विषय से संबंधित अध्यापक बनना है तो आप भी मुंबई आर्ट्स का कोर्स कर सकते हैं।

## युवाओं की पहली पसंद

आज के समय में कला संस्कृति का रंग रूप थोड़ा बदल चुका है, जिससे सदियों से चली आ रही कला संस्कृति के साथ-साथ वर्तमान कला संस्कृति और अत्याधुनिक तकनीकी वाली कला संस्कृति के मिश्रण की वजह से आज के समय में हमें कला के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के नए-नए रंग रूप देखने को मिलते हैं। यही वजह है कि आज के समय में अधिकांश युवा कला के क्षेत्र में अपना करियर जोड़ना चाहते हैं। अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प ढूंढ रहे हैं। कला के क्षेत्र में आगे बढ़ कर आप तरह-तरह के कला से संबंधित कलात्मक कार्य कर सकते हैं अथवा आर्ट्स के संबंध में अध्यापक बन सकते हैं। ऐसा अब तक लाखों युवा कर चुके हैं और लाखों युवा कर भी रहे हैं। अगर आपके अंदर कोई भी हुनर है तो आप उस आधार पर कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। उससे संबंधित कोर्स करके डिग्री हासिल कर सकते हैं और अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प चुन सकते हैं। बता दें कि आज के समय में विभिन्न प्रकार के विषय कला क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं ऐसी स्थिति में आपके अंदर हर किसी छोटे बड़े हुनर या कलात्मक कार्य का अनुभव आपको बेहतरीन बना सकता है। कटनी में भारत में बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले कला पर आधारित आयोजन एवं दर्शनी मुखिया रूप से दिखाई देते हैं। इसके अलावा कला से संबंधित विभिन्न प्रकार के पद भी आज के समय में हमें देखने को मिलते हैं तो आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

## क्या है कोर्स

बॉम्बे आर्ट एक सर्टिफिकेट कोर्स है जो कला के क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को कराया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद विद्यार्थी कला के क्षेत्र में शिक्षक बन सकता है इसके लिए उन्हें बीएड डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। बिना बीएड डिग्री के भी मुंबई आर्ट कोर्स करने के बाद किसी भी शिक्षण संस्थान और स्कूल में पढ़ा सकता है और इसके लिए कोई दूसरी डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। इस बात से आप मुंबई आर्ट कोर्स की महत्वता समझ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट एक शिक्षण संस्थान है जो बॉम्बे आर्ट सर्टिफिकेट डिप्लोमा की डिग्री प्रदान करवाता है। महाराष्ट्र सरकार ने सबसे पहले भारत में मुंबई में इसकी शुरुआत की थी इस शिक्षण संस्थान का उद्देश्य विलुप्त हो रहे कला संस्कृति को फिर से उजागर करना और नए रूप में लोगों के समक्ष प्रस्तुत करना है। वर्तमान समय में बॉम्बे आर्ट पब्लिक ऑर्गेनाइजेश है जो पूरे भारत में फैला हुआ है तथा कोई भी संस्थान इसकी फ्रेंचाइज ले सकता है। इस शिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य कलात्मक शिक्षा का प्रचार करना है। इससे बिजनेस भी किया जाता है और तरह-तरह के पद भी उत्पन्न होते हैं। आज के समय में जहां हमें प्रत्येक सरकारी नौकरी के लिए बहुत बड़े कंपीटिशन से गुजरना होता है।

## कोर्स के लिए जरूरी योग्यता

किसी भी कोर्स को करने के लिए या उस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उससे संबंधित योग्यता का होना अति आवश्यक है। इसीलिए अगर आप बॉम्बे आर्ट के तहत आर्ट क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं, तो आपके पास इससे संबंधित कुछ योग्यताएं अथवा पत्रता होनी चाहिए जिसके आधार पर आप इस क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। यह इस बात को भी प्रमाणित कर देगा कि इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आपके पास क्या है और क्या आप वास्तव में इस क्षेत्र में कुछ कर पाएंगे या नहीं। बॉम्बे आर्ट के लिए निर्धारित की गई योग्यताएं निम्नलिखित है।

- इस कोर्स को करने के लिए कम से कम 12 वीं पास होना आवश्यक है।
- विद्यार्थी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा पास करके इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है।
- बारहवीं कक्षा आर्ट्स सब्जेक्ट से पास की हुई है तो बेहतर रहेगा।
- इस कोर्स को करने के लिए विद्यार्थी के मन में कला विषय से संबंधित रुचि होनी चाहिए।
- किसी भी प्रकार का कला से संबंधित हुनर के आधार पर इस कोर्स को कर सकते हैं।
- कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने वालों को बॉम्बे आर्ट कोर्स अवश्य करना चाहिए।

**कैसे करें कोर्स :** कला के क्षेत्र से संबंध रखने वाला बॉम्बे आर्ट कोर्स वर्तमान समय में काफी लोकप्रिय हो रहा है। इस कोर्स को करने के लिए आपके पास कुछ योग्यता और पात्रता होने चाहिए इसके अलावा कुछ जरूरी दस्तावेजों के आधार पर आप आसानी से कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट कोर्स करने के लिए आपको सबसे महत्वपूर्ण इस बात पर ध्यान देना होगा कि आपके अंदर कौन सा हुनर हैं। आप कला के क्षेत्र से संबंधित कौन सा कार्य करना जानते हैं या आपका किस कार्य में मन लगता है। उस आधार पर ही आपको इस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। अगर आप पहले से ही बॉम्बे आर्ट कोर्स करना चाहते हैं तो सबसे पहले कला वर्ग से 12वीं कक्षा 50% अंकों के साथ पास करें किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा कला वर्ग से पास करने के बाद आप महाराष्ट्र में मुंबई स्थित बॉम्बे आर्ट शिक्षण संस्थान अथवा इसकी फ्रेंचाइज के तहत बॉम्बे आर्ट कोर्स कर सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि संपूर्ण भारत में सबसे पहले महाराष्ट्र सरकार ने ही शिक्षण संस्थान की शुरुआत की लेकिन हाल फिलहाल में उत्तर प्रदेश सरकार ने भी इसी तरह के एक शिक्षण संस्थान की शुरुआत की है जो इसी तरह आर्ट्स की डिग्री उपलब्ध कराती है, जिससे बिना बीएड की डिग्री के विद्यार्थी कला विषय से संबंधित अध्यापक बन सकते हैं।

### अच्छी सैलरी के साथ-साथ पशु प्रेम दिखाने का मौका मिलता

# पशु-पक्षियों की सेवा की भावना रखते हैं तो पशु चिकित्सक में बनाएं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## बड़े स्तर पर मिलते जॉब के ऑप्शन

पशु चिकित्सक (वेटरनरी डॉक्टर) पशु पक्षियों का उपचार करता है जिस तरह से मनुष्यों का इलाज करने के लिए भारत और दुनिया भर में तरह-तरह के डॉक्टर पाए जाते हैं, ठीक उसी प्रकार पशु पक्षियों का इलाज करने के लिए भी डॉक्टर होते हैं उन्हें पशु चिकित्सक या पशु डॉक्टर कहते हैं। विज्ञान में पशु चिकित्सक की एक श्रेणी है, जिसके अंतर्गत पशु और पक्षियों का इलाज करवाया जाता है। आज का समय पूरी तरह से बदल चुका है आज से 500 वर्ष आज के समय की तरह अविष्कार उपचार इत्यादि कुछ भी नहीं थे, लेकिन आज मनुष्य का हर तरह से इलाज किया जाता है। आज के समय में गंभीर से गंभीर बीमारी का इलाज कर दिया जाता है। विभिन्न प्रकार के तरीकों से हर संभव प्रयास करके मनुष्य को बचाया जाता है। इसी तकनीकी और एजाज के विस्तार के आधार पर विज्ञान आधारित पशु चिकित्सक प्रणाली भी बनाई गई है, जिसके तहत पशु एवं पक्षियों का इलाज भी करवाया जाता है।





## सदियों से पशुओं की सेवा की जाती

हमारे भारत में जहां सदियों सदियों से पशु पक्षियों की सेवा की जाती आ रही है। लेकिन विदेशों में आज के समय में लोग पशु पक्षियों के प्रति प्रेम दिखाते हैं कुछ पशु पक्षियों का पालन करते हैं। इसी आधार पर संपूर्ण दुनिया में पशु चिकित्सक प्रणाली का विस्तार हुआ है। वर्तमान समय में दुनिया भर में पशु चिकित्सक बने हुए हैं। पशुओं के अस्पताल बने हुए हैं। इसीलिए वहां पर पशुओं के उपचार के लिए शिक्षा प्रदान की जाती है। वर्तमान समय में लगभग प्रत्येक पशु पक्षी का उपचार करना संभव है। आज के समय में शिक्षा पद्धति और विकास के नए पशु पक्षियों का इलाज किया जा रहा है, तो आजकल पूरी जानकारी के साथ विस्तार से बताएंगे कि पशु चिकित्सक कैसे बनें?

## क्या होता है पशु चिकित्सा

*जिस तरह से मनुष्य का इलाज करने हेतु विज्ञान में चिकित्सा की एक पद्धति है। ठीक उसी प्रकार विज्ञान के अंतर्गत पशु एवं पक्षियों का इलाज और उसका उपचार करने के लिए चिकित्सा की एक विशेष शाखा मौजूद है जिसे पशु चिकित्सा कहते हैं। मनुष्यों की तरह पशु पक्षियों में भी समय-समय पर तरह-तरह की बीमारियां उत्पन्न होती है। उन्हें भी तरह के रोग होते हैं। इसके अलावा चोट लगना घाव लगना शरीर के अंग का कटना तथा विभिन्न प्रकार की शारीरिक समस्याओं से पशु पक्षियों को बचाने के लिए विज्ञान की शिक्षा पद्धति के आधार पर इनका उपचार करने हेतु पशु चिकित्सा होती है। पशु एवं पक्षियों का विभिन्न प्रकार का इलाज करने के लिए शिक्षा पद्धति को ग्रहण करना होता है। उसके बाद ही कोई भी व्यक्ति पशु चिकित्सक बनकर पशुओं का इलाज कर सकता है। आज के समय में लोग पशु और पक्षियों को काफी महत्वता दे रहे हैं इसीलिए बड़े पैमाने पर लोग पशु चिकित्सक बनना चाहते हैं। आज के समय में पशु चिकित्सक बनकर लोग एक बेहतरीन करियर विकल्प देखते हैं क्योंकि सरकार की तरफ से संपूर्ण भारत में जगह जगह पर पशु चिकित्सालय आरंभ किए गए हैं। इसके अलावा पशु चिकित्सक आने पर भी सरकार द्वारा जोड़ दिया जा रहा है। पशु चिकित्सक को अच्छी सैलरी मिलती है। इसीलिए आज के समय में अधिकांश चिकित्सक बनना चाहते हैं।*

## जरूरी योग्यता

- *विद्यार्थी को कम से कम दसवीं कक्षा पास करनी होगी।*
- *दसवीं कक्षा पास करने के बाद पशु चिकित्सा के क्षेत्र में डिप्लोमा की डिग्री हासिल करनी होगी।*
- *12वीं कक्षा पास करने के बाद पशु चिकित्सक बनाने के लिए कम से कम 50% अंक हासिल करने होंगे।*
- *बारहवीं कक्षा जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं भौतिक विज्ञान के तहत पास करनी होगी।*
- *पशु चिकित्सक बनने के लिए एआईपीवीटी या नीट यूजी एंट्रेंस एग्जाम को पास करना होगा।*




## पशु चिकित्सक शिक्षण संस्थान में आवेदन

- आप जिस यूनिवर्सिटी से पशु चिकित्सक का कोर्स करना चाहते हैं, उसे यूनिवर्सिटी की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करें।
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर अपना अकाउंट बनाएं।
- अब यूजर नेम और पासवर्ड की मदद से लॉगिन करें।
- अब यूनिवर्सिटी की ऑफिसल वेबसाइट पर उस कोर्स का चयन करें, जैसे आप करना चाहते हैं।
- अब होम पेज पर आपको संबंधित सभी शैक्षणिक योग्यता दिखा दी जाएगी।
- अब आपके सामने आवेदन फार्म खुल जाएगा।
- आवेदन फार्म को सही तरह से भरें तथा संबंधित दस्तावेजों को अपलोड करें।
- अब प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें।
- रजिस्ट्रेशन करने के बाद आपका प्रवेश परीक्षा के लिए नामांकन स्वीकार हो जाएगा।
- अब प्रवेश परीक्षा पास करके शिक्षण संस्थान में पशु चिकित्सा का कोर्स कर सकते हैं।

## 10वीं के बाद पशु चिकित्सक कैसे बनें

पशु चिकित्सक बनाने के लिए दसवीं कक्षा पास करने के बाद पशु चिकित्सा में डिप्लोमा पाठ्यक्रम का चयन करके पशु चिकित्सक बन सकते हैं। दसवीं कक्षा पास करने के बाद वेटरनरी डॉक्टर बनने के लिए निर्धारित किए गए सभी कोर्स को भारत के विभिन्न शिक्षण संस्थान से कर सकते हैं। जैसे– भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान बरेली। पशु चिकित्सा महाविद्यालय तमिलनाडु। वेंकटेश्वर पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय तिरुपति। पशु चिकित्सा महाविद्यालय बेंगलुरु इत्यादि देश के विभिन्न पशु चिकित्सालय संस्थान से डिप्लोमा कर सकते हैं। इन सभी पाठ्यक्रम के अंतर्गत पशु चिकित्सा में डिप्लोमा की डिग्री प्राप्त करने के बाद ऑल इंडिया प्री वेटरनरी टेस्ट देकर पशु चिकित्सा में बैचलर डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। इसमें डिप्लोमा इन वेटरनरी फार्मेसी, डिप्लोमा इन एनिमल हसबेंडरी एंड डेयरिंग, डिप्लोमा इन वेटरनरी अस्सिटेंट, डिप्लोमा इन वेटरनरी लैब टेक्नीशियन जैसे पाठक्रम निर्धारित किए गए हैं।

## 12 वीं के बाद पशु चिकित्सक कैसे बनें

12वीं कक्षा पास करने के बाद अगर आप पशु चिकित्सक बनना चाहते हैं, तो आपको केमिस्ट्री, बायोलॉजी और फिजिक्स जैसे प्रमुख विषयों के अंतर्गत पास करनी होगी। महत्वपूर्ण विषयों से 12वीं कक्षा पास करने के बाद देश के विभिन्न बड़े और प्रमुख शिक्षण संस्थान में आवेदन लेकर पशु चिकित्सा के अंतर्गत बैचलर की डिग्री हासिल कर सकते हैं। पशु चिकित्सक बनने के लिए 12वीं कक्षा के पास करने के बाद निर्धारित किए गए पाठ्यक्रम निम्नलिखित हैं। बेचलर ऑफ वेटरनरी साइंस, बेचलर ऑफ वेटरनरी मेडिसन, बेचलर ऑफ बायो वेटरनरी साइंस, बेचलर ऑफ वेटरनरी साइंस इन एनिमल हेल्थ, बेचलर ऑफ वेटरनरी साइंस इन बायो वेटरनरी(ऑनर्स), बेचलर ऑफ प्री वेटरनरी मेडिकल साइंस ।

## पशु चिकित्सक संस्थान

- भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, बरेली
- राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, कर्नल
- पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान कॉलेज, बीकानेर
- सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
- मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई
- अन्नामलाई विश्वविद्यालय, चिदंबरम
- चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, बनारस
- गोविंद बल्लभपंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंत नगर
- जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय, जूनागढ़ी

# निष्पक्ष तरीके उम्मीदवार चयनित करने में संख्यात्मक प्रणाली मददगार



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

संख्यात्मक आधार पर नौकरी के चयन में अक्सर अंकों या ग्रेडिंग का प्रयोग किया जाता है। यह अंक या ग्रेड उम्मीदवारों के प्रदर्शन को मापने और मूल्यांकन करने के लिए होते हैं। इस प्रकार की प्रक्रिया में, हर उम्मीदवार को एक निश्चित संख्या या ग्रेड अनुमति दी जाती है, जो उनके क्षमताओं, योग्यताओं, और अनुभव को आधार मानकर निर्धारित किया जाता है। इसमें विभिन्न प्रकार के परीक्षण, साक्षात्कार, और कौशल मापन के माध्यम से उम्मीदवारों का मूल्यांकन किया जाता है। अंक या ग्रेड का उपयोग उम्मीदवारों की प्रतिभा को सार्वजनिक रूप से मापने के लिए किया जाता है। यह संख्यात्मक प्रणाली कंपनियों को विश्वसनीय और निष्पक्ष तरीके उम्मीदवारों को चयनित करने में मदद करती है।

## न्याय को बनाए रखने में मदद करती

इस प्रकार, अंक या ग्रेडिंग के माध्यम से संख्यात्मक आधार पर नौकरी का चयन एक स्वाभाविक और संवेदनशील प्रक्रिया होती है, जो न केवल उम्मीदवारों को न्याय से मूल्यांकन करती है, बल्कि समाज में समानता और न्याय को भी बनाए रखने में मदद करती है। प्रतिस्पर्धा युवा पीढ़ी की संपूर्ण व्यक्तित्व पर सीधे प्रभाव डालती है, चाहे वह सकारात्मक हो या नकारात्मक। इसका सकारात्मक प्रभाव है कि यह उन्हें अपने लक्ष्यों की ओर प्रेरित करती है और उन्हें अपनी क्षमताओं को स्थायीकृत करने के लिए प्रोत्साहित करती है। प्रतिस्पर्धा की भावना युवाओं में अभिनय की भावना को बढ़ाती है, जो उन्हें सफलता की दिशा में अग्रसर बनाती है। यह उन्हें सामाजिक और व्यक्तिगत स्तर पर अधिक सक्रिय बनाती है और सामूहिक योजनाओं में भागीदारी को बढ़ावा देती है। हालांकि, प्रतिस्पर्धा का नकारात्मक प्रभाव भी हो सकता है। यह युवाओं को अतिरिक्त तनाव और दबाव में डाल सकता है, जो उनकी मानसिक स्वस्थता को प्रभावित कर सकता है। समान क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के दबाव ने कई युवाओं को आत्म-विश्वास की कमी, चिंता और चिंता का सामना करना पड़ा है। इसके अलावा, प्रतिस्पर्धा के दौरान युवाओं के बीच सामाजिक दूरी और असन्तोष की भावना भी बढ़ सकती है। इसलिए, प्रतिस्पर्धा को सकारात्मक रूप से देखने का महत्व है, लेकिन समानता और सहयोग की भावना को भी महत्व देना चाहिए। युवाओं को समझाया जाना चाहिए कि प्रतिस्पर्धा केवल एक अधिकार है, न कि उनकी आत्म-मूल्य का मापदंड। साथ ही, उन्हें स्वास्थ्यपूर्ण प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, जिसमें सहयोग, समानता, और सम्मान का वातावरण हो। संख्यात्मक आधार पर नौकरी के चयन में अंकों या ग्रेडिंग का प्रयोग किया जाना एक प्रमुख प्रक्रिया है जो उम्मीदवारों के प्रदर्शन को मापती है। यह अंक या ग्रेड उम्मीदवारों के कौशल, योग्यता, और अनुभव को मूल्यांकित करने में मदद करते हैं।

**प्रतिस्पर्धा की बढ़ती भावना:** संख्यात्मक आधार पर नौकरी का चयन करने में अंकों या ग्रेडिंग का प्रयोग, उम्मीदवारों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ा सकता है। यह उन्हें अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने और सफलता प्राप्त करने के लिए और अधिक प्रेरित कर सकता है।

**आत्म-मूल्यांकन की भावना:** अंकों या ग्रेडिंग के प्राप्ति से उम्मीदवार अपनी क्षमताओं और क्षमताओं का मूल्यांकन करते हैं। यह उन्हें अपने स्वयं के लिए स्वावलंबी और सक्षम महसूस करने में मदद कर सकता है।

## मानसिक स्वास्थ्य को करती प्रभावित

संख्यात्मक आधार पर नौकरी का चयन करते समय, उम्मीदवारों को अपने कौशलों और योग्यताओं के दावों को समर्थनित करने में दबाव महसूस हो सकता है। यह उन्हें अधिक अतिरिक्त काम करने के लिए प्रेरित कर सकता है। कम अंकों की स्थिति में स्वाभाविक आत्म-संदेह स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जो युवाओं को डिप्रेशन की ओर ले जाती है। यह सामाजिक प्रतिस्पर्धा की भावना, स्वाभिमान का नुकसान, और अधिकतर मामूली असफलताओं के लिए अपने आप को दोषी मानने की भावना से जुड़ा हो सकता है। यह अवस्था युवाओं की मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है और उन्हें डिप्रेशन, तनाव, और अन्य मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इस समस्या को हल करने में मेंटर्स और अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। मेंटर्स या गुरुओं का उद्दीपन, उनके मार्गदर्शन, और समर्थन से युवा अपनी आत्म-संदेह को पराजित कर सकते हैं। मेंटर्स उन्हें संभावितताओं को देखने और समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। वे उन्हें सामान्यतः से बड़े दृष्टिकोण से समस्याओं को देखने और समाधान करने की कला सिखा सकते हैं। अभिभावकों का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है, क्योंकि वे अपने बच्चों को आत्म-संदेह की स्थिति से बाहर आने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। वे अपने बच्चों को समर्थन प्रदान करते हैं, उन्हें समस्याओं का सामना करने के लिए उत्तेजित करते हैं, और उन्हें उनके क्षमताओं और पोटेंशियल के प्रति आत्म-विश्वास दिलाते हैं। साथ ही, मेंटल हेल्थ के लिए सामाजिक समर्थन का महत्व भी होता है। इसलिए, युवाओं को उनके परिवार, मित्र, और समुदाय के साथ संवाद करने और उनसे सहारा लेने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। सम्भवतः उपर्युक्त उपायों के माध्यम से, युवाओं को आत्म-संदेह की स्थिति से निकालने में मेंटर्स और अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4*}$ में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या **Z** है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या **M** है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) **M+Z** (बी) **M-Z**
(सी) **M x Z** (डी) **M/Z**

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

**उत्तर** 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

## खबर संक्षेप

### वाटर कूलर भेंट करके लगाई तीन सवामणी

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के उग्र पाराशर द्वारा बुधवार को अपने पिता स्व॰ ओमप्रकाश की पुण्यतिथि पर गांव लोहारी जाटू के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वाटर कूलर भेंट किया। जानकारी देते हुए वरिष्ठ नागरिक एवं समाजसेवी हनुमान पारासरए अनिलए ईश्वर ने बताया कि उग्र पाराशर ने पटवारी के पद पर 16.17 सर्विस लोहारी जाटू मे अपनी सेवाएं दी है और यहां उनका काफी लगाव है व विद्यालय में वाटर कूलर की आवश्यकता थी वहीं विद्यालय प्राचार्या पुष्पा जोशी ने उनका आभार व्यक्त किया।

### सैर के लिए निकला युवक ट्रेन की चपेट में आया, मौत

**हिसार।** शहर के सूर्य नगर फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आने से लगभग 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जा रहा है कि महाबीर कॉलोनी निवासी अमन किसी ब्लड बैंक में काम करता था। वह प्रतिदिन सुबह के समय घूमने के लिए सूर्यनगर की तरफ जाता था। शुक्रवार तड़के लगभग 4:30 बजे वह सैर के लिए निकला था लेकिन घर नहीं आया। जीआरपी पुलिस ने मामले की सूचना परिवार वालों को दी। परिवार वालों ने बताया कि अमन के पिता की मौत हो चुकी है।

### कार की टक्कर सेल्समैन की मौत, केस दर्ज

**बरवाला।** साथ लगते बरवाला-बनभौरी मार्ग पर गोदाम के पास मारुति कार की टक्कर लगने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक टाटा मोटर्स में सेल्समैन था। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव मतलोड़ा निवासी 35 वर्षीय विकास जुगलान गांव स्थित टाटा मोटर्स में सेल्समैन की नौकरी करता था। गुरुवार रात को वह अपनी बाइक पर अपने घर गांव मतलोड़ा जा रहा था। विकास जैसे ही बरवाला-बनभौरी मार्ग पर गोदाम के पास पहुंचा तो मारुति कार ने बाइक को टक्कर मार दी।

### नियाणा गांव के पास नहर से शव बरामद

**हिसार।** निकटवर्ती गांव नियाणा में बालसमंद नहर से शव बरामद हुआ है। लगभग 35 वर्षीय व्यक्ति के शव को नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। नियाना गांव में बालसमंद नहर में लगभग 35 व्यक्ति का शव तैरता हुआ आया।

## शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए रेडक्रॉस भवन में जागरूकता कार्यक्रम

# बिना किसी प्रलोभन के देशहित में मतदान करने की दिलवाई शपथ

### योग्य व सक्षम प्रतिनिधि के चयन के लिए मत का प्रयोग जरूरी: सचिव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

भारत में दान का विशेष महत्व है। किसी भी प्रकार के दान से समाज तक सकारात्मक संदेश पहुंचाने के साथ-साथ सनातन संस्कृति को मजबूती भी दी जा सकती है। उसी प्रकार मतदान से भी लोकतंत्र को मजबूती देने के साथ देश की तरक्की के महायज्ञ में अपनी आहुति डाली जा सकती है। इसी कड़ी में शत-प्रतिशत मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला निवार्चन अधिकारी एवं उपायुक्त नरेश नरवाल के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस भवन में एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया।

जागरूकता सेमिनार की अध्यक्षता भिवानी रैडक्रॉस सचिव प्रदीप कुमार ने की। उन्होंने उपस्थित लोगों को जाति, समुदाय, रंग, भेद, प्रभोलन आदि से उपर उठकर व बिना किसी प्रलोभन के देशहित में मतदान करने की शपथ दिलवाई। सचिव प्रदीप कुमार ने कहा कि जिस युवा का वोट बना हुआ है, वो 25 मई को मतदान अवश्य करें तथा अपने परिवार व आस-पड़ौस के लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करें। ताकि लोकतंत्र की मजबूती के साथ ही देश की तरक्की भी सुनिश्चित की जा सकें।

इस अवसर पर सहायक सचिव मनोरंजन शर्मा, उप अधीक्षक जयभगवान, जिला प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार, आरसीआईटी प्रबंधक संजय कामरा, लिपिक सीमा रानी, जोगिंद्र सेहरावत, केशव, गोविंद आदि मौजूद रहे।




**भिवानी।** युवाओं को मतदान करने की शपथ दिलवाते रेडक्रॉस सचिव। *फोटो: हरिभूमि*

### लोकतंत्र में वोट डालना प्रत्येक वोटर का कर्तव्य और जिम्मेदारी

सचिव प्रदीप कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में वोट डालना प्रत्येक वोटर का कर्तव्य व जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने कहा कि जितने अधिक लोग मतदान के महत्व को समझ पाएंगे, हमारा लोकतंत्र भी उतना ही अधिक मजबूत होगा।

उन्होंने कहा कि मतदान की महत्ता को ध्यान में रखते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करें। हमें अपने मत के अधिकार का प्रयोग करना बहुत जरूरी है, ताकि योग्य व सक्षम प्रतिनिधियों का चयन कर सकें।

## चन्द्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

चन्द्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप द हरियाणा राज्य भारत स्काउटस एंड गाइडस कार्यालय में मतदान महादान विषय पर जिला उपायुक्त एवं चुनाव निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल व जिला शिक्षा अधिकारी नरेश महता के निर्देशानुसार संगोष्ठी, शपथ व जागरूकता रैली कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि ग्रुप कॉर्डिनेटर लक्ष्मण गौड़ थे तथा अध्यक्षता ग्रुप लीडर सागर ने की। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता लक्ष्मण गौड़ व ग्रुप लीडर सागर ने कहा कि हमारा देश एक लोकतांत्रिक देश है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का विशेष महत्व है। हमें अपने मताधिकार का प्रयोग कर एक योग्य व ईमानदार



व्यक्ति का चुनाव करना चाहिए जो प्रदेश व देश के हित में कार्य करे तथा विकास के मामले में आगे लेकर जाए। उन्होंने कहा कि हमें लोगों को इसके प्रति जागरूक करना चाहिए तथा पहले मतदान उसके बाद अन्य काम के नारे को सबल बनाते हुए हमें सबसे पहले मतदान कत्र्तव्य निभाना चाहिए। लोकतंत्र का एक पर्व को एक त्यौहार की तरह मनाना चाहिए। लक्ष्मण गौड ने सभी रोवर व गाईडस को मतदान जागरूकता की शपथ दिलाई तथा एक मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली। उन्होंने बताया कि 16 मई को उपायुक्त कार्यालय से मतदान जन जागरूकता मेघा साईकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसके संयोजक अमित कुमार व सहसंयोजक मनोज कुमार होंगे। इस अवसर पर महाबीर जैन सीनियर सैकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्या व गाईड कैप्टन पुष्पा देवी, एसएसडी स्कूल से महेश चौहान, बीएस इंटर नेशनल स्कूल सांगा से स्काउटस मास्टर नितिन समेत रोवर व गाईडस उपस्थित रहे।

### श्री लाल बहादुर शास्त्री वमावि में धूमधाम से मनाई परशुराम जयंती

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के श्री लाल बहादुर शास्त्री वमा विद्यालय में विष्णु के छठे अवतार कहे जाने वाले भगवान परशुराम की जयंती का आयोजन किया गया। हिंदू पंचांग के अनुसार, हर वर्ष वैशाख माह में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को परशुराम जयंती मनाई जाती है। इसी दिन अक्षय तृतीया का भी त्योहार मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसारए वैशाख माह में शुक्ल पक्ष की तृतीया को जगत के पालनहार भगवान विष्णु , परशुराम के रूप में पृथ्वी लोक पर अवतरित हुए थे। इस तिथि पर परशुराम जयंती मनाई जाती है। भगवान परशुराम भार्गव वंश में जन्मे भगवान विष्णु के छठे अवतार हैंए उनका जन्म त्रेता युग में हुआ था। अक्षय तृतीया के दिन जन्म लेने के कारण ही भगवान परशुराम की शक्ति भी अक्षय थी। संस्था प्रभारी मुकेश भारद्वाज और संजय भारद्वाज जी ने बताया की भगवान परशुराम भगवान शिव और भगवान विष्णु के संयुक्त अवतार माने जाते हैं। दरअसल भगवान परशुराम श्री हरि यानि विष्णु ही नहीं बल्कि भगवान शिव और विष्णु के संयुक्त अवतार माने जाते हैं। शिवजी से उन्होंने संहार के गुण और विष्णु जी से उन्होंने पालक के गुण प्राप्त किए। भगवान शिव से उन्हें कई अद्वितीय शस्त्र भी प्राप्त हुए इन्हीं में से एक था भगवान शिव का परशु जिसे फरसा या कुल्हाड़ी भी कहते हैं।



## यूथ एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में लक्ष्मी ने जीता स्वर्ण पदक



**भिवानी।** कजाकिस्तान में 25 अप्रैल से 8 मई तक आयोजित युथ ऐशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अजीत बॉक्सिंग क्लब की मुक्केबाज लक्ष्मी ने 50 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त कर देश का नाम रोशन किया। कोच नवीन बल्हार फ्रुटी ने बताया कि स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्मी का भिवानी में पहुंचने पर स्वजनों व अजीत बॉक्सिंग क्लब द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। लक्ष्मी ने अपनी जीत का श्रेय कोच फ्रुटी, पिता ललित चौहान, माता मिनाक्षी चौहान व परिजनों को दिया। क्लब प्रधान सुरेन्द्र सिवाच व ललित चौहान ने संयुक्त रूप से कहा कि लक्ष्मी के स्वर्ण पदक जीतने से खिलाड़ियों व उनके परिजनों में खुशी का माहौल है। लक्ष्मी आगामी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर तैयारी करेगी तथा उनमें पदक जीत कर देश का नाम रोशन करेंगी। इस अवसर पर क्लब सदस्यों, गणमान्य व्यक्तियों व परिजनों ने उन्हें बधाई संदेश भी दिया।

## लोस चुनाव के बहिष्कार का ऐलान

- गांव में पोलिंग पार्टी नियुक्त न करने को लेकर उपायुक्त को सौंपा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बवानीखेड़ा

एनएचएआई 148 बी के खेतों के रास्ते इंट्री व एक्जिट तथा सिंचाई के नाले, पुलों की ऊँचाई तथा सेवा सड़क उपयुक्त आदि मांगे पूरी न होने को लेकर 8 गांवों की पंचायत ने लोकसभा चुनावों के बहिष्कार का ऐलान कर दिया और भिवानी उपायुक्त निवास स्थान पर पहुंचकर उपायुक्त को शिकायत पत्र सौंपा व हरियाणा चुनाव आयुक्त, मुख्य चुनाव आयुक्त भारत सरकार को भी पत्र भेजे। उल्लेखनीय है कि पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से बड़सी गुजरान, बड़सी जाटान, दुर्जनपुर, सिकंदरपुर, चौरटापुर, ढ़ाणी केसला, ढ़ाणी खुशहाल आदि गांवों के लोगों ने अपनी मांगों को पूरा करवाने को लेकर रोष प्रदर्शन कर सरकार का पुतला फूंका, लेकिन सरकार के किसी प्रतिनिधि द्वारा कोई मांग पूरी न करने पर ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। जिसको लेकर शुक्रवार को पार्षद अमित औला, प्रदीप चाहर, बिट्टू दुर्जनपुर, अनिल औला, सतीश सरपंच,बबलु सरपंच, विनोद सरपंच प्रतिनिधि, ज्ञानी कड़वासरा,भोला बीडीसी, जयपाल बीडीसी,प्रदीप बीडीसी प्रतिनिधि, अमरजीत बीडीसी, नरेश वर्मा सिकंदरपुर आदि ने उपायुक्त को मांगपत्र सौंपा।



**बवानीखेड़ा।** उपायुक्त के आवास पर ज्ञापन देने जाते गांवों के लोग।

## भगवान परशुराम सबके आराध्य : वासुदेव शर्मा

**भिवानी।** भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार थे एवं वे सभी जातियों में पूजे जाते हैं। यह बात पूर्व मंत्री डा वासुदेव शर्मा ने कितलाना में आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। डा वासुदेव शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम बहुत बड़े दिव्य षिए तपस्वी एवं शिव उपासक थे। इनका नाम राम था पर भगवान शिव द्वारा दिए गए परशु के कारण इनका नाम परशुराम हो गया। ये शास्त्र और शस्त्र में भी उच्च कोटि का ज्ञान रखते थे। उन्होंने भीष्म, द्रोण व कर्ण को शस्त्रविद्या प्रदान की थी। इस अवसर पर डॉ. मनोज शर्मा सत्यनारायण शर्मा,आजाद शर्मा, तारा शर्मा, पवन शमा, जयभगवान शर्मा, रामू पंडित ,बारु उमरावत, मुकेश धारेडू, लीला प्रजापत आदि उपस्थित थे।



**भिवानी।** भगवान परशुराम जयंती पर सम्मानित करते हुए।

# एड्स को लेकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बवानीखेड़ा

गांव लोहारी जाटू के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एड्स को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्याअतिथि के रूप प्राचार्या पुष्पा जोशी ने शिरकत की।

कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि एचईवी ह्यूमन इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस एक वायरस है, जो कोशिकाओं पर हमला करता है, जो शरीर को संक्रमण से लड़ने में मदद करता है, जिससे व्यक्ति अन्य संक्रमणों और बीमारियों की चपेट में आ जाता है। यह एचआईवी के साथ किसी व्यक्ति के कुछ शारीरिक तरल पदार्थोंर् के संपर्क में फैलता है, सबसे ज्यादा असुरक्षित यौन संबंध के दौरान एचआईवी को रोकने या इलाज के लिए कंडोम या एचआईवी दवा के बिना सेक्स,या इंजेक्शन दवा उपकरणों को साझा करने से एचआईवी प्रसारित होता है। यदि अनुपचारित छोड़ दिया जाता है, तो एचआईवी रोग एड्स एक्वायर्ड इम्युनोडिफ ीसिअन्सी सिंड्रोम को जन्म दे सकता है।

मानव शरीर एचआईवी से मुक्त नहीं हो सकता है और एचआईवी का कोई प्रभावी इलाज भी मौजूद नहीं है। इसलिए, एक बार जब आपको एचआईवी होता है, तो यह जीवन भर आपके साथ रहता है। हालांकि, एचआईवी दवा एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी या आरटी कहा जाता है, एचआईवी वाले लोग लंबे समय तक स्वस्थ जीवन जी सकते हैं और एचआईवी को अपने यौन सहयोगियों तक पहुंचने से रोक सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।



**बवानीखेड़ा।** आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। फोटो: हरिभूमि

## महान कवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बांग्ला भाषा के महान कवि, साहित्यकार एवं उपन्यासकार रवींद्र नाथ ठाकुर का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय प्राचार्य पंकज मिश्रा, हिंदी व अंग्रेजी विभाग के अध्यापकों व अध्यापिकाओं द्वारा कवि रवींद्र नाथ ठाकुर के चित्र पर पुष्पार्पण से किया गया। इस अवसर पर कक्षा नौवीं की छात्रा प्राची ने भाषण के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। छात्रा गुंजन एवं अनुष्का द्वारा कविता के माध्यम से अपने उद्गार व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य पंकज मिश्रा ने रवींद्र नाथ ठाकुर द्वारा रचित गीत एकला चलो रे का अर्थ स्पष्ट करते हुए विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यदि हमें किसी का सहारा नहीं मिलता है तो हमें अपने लक्ष्य को अकेले ही प्राप्त करने का साहस रखना चाहिए। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष जोगेंद्र जांगड़ा, सचिव योगेश शर्मा, वरिष्ठ संचालक योगेंद्र सिंह, कनिष्ठ संचालिका मंजू मलिक व समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## देश में भंयकर कृषि संकटः इन्द्रजीत सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम

अखिल भारतीय किसान सभा की आम सभा शुक्रवार को तोशाम में पंचायत घर में हुई, जिसमें अपना सांगठनिक ढांचा मजबूत करने का निर्णय लिया। सभा की अध्यक्षता किसान सभा के उपप्रधान कर्णसिंह जैनावास ने की तथा मंच संचालन जिला सचिव मास्टर जगरोशन रोढ़ा ने किया।

किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामरेड इन्द्रजीत सिंह ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज देश में भंयकर कृषि संकट है और मोदी सरकार कृषि संकट को हल करने व खेती में सरकारी निवेश करने की बजाय उसे मुनाफा कमाने के लिए बड़े कारपोरेट के हवाले करना चाहती है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय गृह राज्यमन्त्री के इशारे पर उसके बेटे ने लखीमपुर खीरी में पांच निहत्थे किसानों की हत्या करके दुनिया में अपना किसान विरोधी चेहरा उजागर कर दिया। किसान मजदूरों की अर्न्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त खिलाड़ी बेटियों के साथ यौन शोषण करने वाले बाहुबली सांसद को सरेआम बचा लिया तथा खिलाड़ी बेटियों के न्याय मांगने के आन्दोलन को बर्बरता से पुलिस द्वारा कुचलवा दिया। हरियाणा में मन्त्री द्वारा कोच महिला के साथ छेड़छाड़ करने पर भी उस मन्त्री को पद से नहीं हटाया तथा गिरफ्तारी नहीं की।




**भिवानी।** लंबित मांगों को लेकर विरोध जताते अखिल भारतीय किसान सभा के पदाधिकारी व सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### मतदान अधिकारी एवं अन्य कर्मचारियों की दिया जाएगा प्रशिक्षण

**बवानीखेड़ा।** 59 बवानी खेड़ा अज विधानसभा सैगमेन्ट के पीठासीन अधिकारी, वैकल्पिक पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी एवं अन्य कर्मचारियों की सआदर्श महिला कॉलेज में 14 व 15 को प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी। सहायक बवानी खेड़ा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एडीसी हर्षित कुमार ने बताया कि आम चुनाव 2024 की तैयारी को चलते चुनाव से संबंधित सभी कर्मचारियों व अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। डीसी नरेश नरवाल की अध्यक्षता में 14 व 15 मई को विभिन्न शिफ्ट में सभी पीठासीन अधिकारी व अन्य कर्मचारियों को जरूरी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## महाराणा प्रताप की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिकः नांगल

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को किया नमन

- महाराणा प्रताप के साहस एवं संघर्ष की गाथा हमेशा करेंगी प्रेरित: श्यामपाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

चौधरी बंसीलाल पार्क में बदलाव वेलफेयर सोसायटी द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सरपंच राजू नांगल ने शिरकत की तथा अध्यक्षता सोसायटी के अध्यक्ष श्यामपाल ने की। कार्यक्रम में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के चित्र पुष्प अर्पित कर उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाजहित में कार्य करने की शपथ ली। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच राजू नांगल ने बदलाव वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष श्यामपाल को तलवार भेंट कर सम्मानित किया। पूर्व सरपंच नांगल ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए आन, बान और शान कायम रखते हुए महाराणा प्रताप ने मुगलों की गुलामी स्वीकार करने की बजाय वनों में रहना उचित समझा तथा वतन की रक्षा के लिए जीवन के अंतिम सांस तक संघर्षरत रहे। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप की शिक्षाएं आधुनिक युग में भी प्रासंगिक है। सोसायटी के अध्यक्ष श्यामपाल ने कहा कि महाराणा प्रताप साहस, शौर्य एवं वीरता के पर्याय है, उनके साहस व संघर्ष की गाथा देशवासियों को हमेशा प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को महाराणा प्रताप जैसे महापुरूषों के जीवन से संघर्ष एवं बलिदान की प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर मास्टर पूनमचंद, पाली, छत्तर सिंह, नरेश, मास्टर पुनीत, रामकिशन, संदीप, रमन, विष्णु, सूरज, रतीपाल, अंशुल आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** बदलाव वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष श्यामपाल को तलवार भेंट कर सम्मानित करते पूर्व सरपंच राजू नांगल।

## शिविर में 433 लोगों की आंखें जांची और 20 यूनिट रक्त किया एकत्रित



**चरखी दादरी।** मॉडल दादरी जिला बनाओं संगठन की तरफ से उण तथा मिसरी गांव में मेडिकल व रक्तदान कैंप लगाया। मिसरी में ताराचंद शर्मा की स्मृति में आयोजित कैंप की अध्यक्षता नरेंद्र सिंह परमार व मास्टर रोशनलाल शर्मा ने की और मुख्यतिथि मोहिन्द्र श्योराण व जिला पार्षद लक्ष्मी देवी ने शिरकत कर शुभारंभ किया। कैंप में आई केयर तथा गीताजंली अस्पताल के डॉक्टरों ने सेवाएं देते हुए 433 लोगों की आंखों की जांच की व निःशुल्क दवा वितरण किया। कैंप में 16 नागरिकों ने मरणोपरांत नेत्रदान का फार्म भरा। रक्तदान शिविर में एम्स बाढ़सा की टीम ने 20 यूनिट रक्त एकत्रित किया। संगठन के युवा विंग अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल साहू ने कहा कि समाज को अगर सही मायनों में सभ्य व उन्नत बनाना है तो एकजुट होकर काम करना होगा। इस मौके पर मनोज शर्मा, शेखू परमार, नरेंद्र परमार, बिजेंद्र, गौरम शर्मा, नीरज, जगमोहन, सुनील शर्मा, रितेश, रविंद्र परमार, जितेंद्र, अरविंद परमार, देवदत्त शर्मा, हनुमान कौशिक, बलवान सिंह परमार, विजेंद्र श्योराण, आशीष, दुष्यंत, सूरत सिंह, सुरेश, पूर्व सरपंच ब्रह्मप्रकाश, सचिन यादव, सुरेश यादव आदि उपस्थित थे।

## आयुर्वेदिक पौधें शतावर एवं अपराजिता लगाकर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

# भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम : विजय शर्मा

### आस्था स्पेशल स्कूल में मनाई भगवान परशुराम की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी




**भिवानी।** भगवान परशुराम को नमन करते अतिथि, शिक्षक व दिव्यांग बच्चें।

आस्था स्पेशल स्कूल में शुक्रवार को भगवान परशुराम जयंती मनाई गई। अक्षय तृतीया के दिन विष्णु भगवान के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव एवं दिव्यांग बेटी प्रियंका का जन्मदिन भी मनाया। इस दिन आयुर्वेदिक पौधें शतावर एवं अपराजिता लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव में भगवान परशुराम की चित्र के आगे पुष्पमाला एवं द्वीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों ने संस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी और बच्चों ने सुंदर ढंग से प्रस्तुतियां दी। संस्था के संस्थापक विजय शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि भगवान परशुराम को विष्णु भगवान का छठा अवतार माना जाता है, उन्हें 8 चिरंजीवी पुरुषों में एक माना जाता है, ऐसी मान्यता है कि भगवान परशुराम आज भी धरती पर मौजूद हैं। वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को भगवान परशुराम का जन्म हुआ था। डॉ. तरुण कुलश्रेष्ठ, संजय नरूला, विनोद सिंहमार, निकिता शर्मा ने कहा कि आस्था स्पेशल स्कूल वास्तव में ही इस धरा पर अनूठे ढंग से कार्य कर रहा है जो समाज के लिए उदाहरण है। संस्था की प्राचार्य एवं संचालिका सुमन शर्मा ने अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर परशुराम जयंती के साथ-साथ में दिव्यांग बेटी का जन्मदिन मनाया कर दिव्यांग बेटी को आशीर्वाद दिया।



**बवानीखेड़ा।** भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करते शहीद जनकल्याण समिति व हरियाणा जाग्रति मोर्चा के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## शहीद गांव रोहनात में भगवान परशुराम को किया नमन

**बवानीखेड़ा।** शहीद गांव रोहनात में पहली बार भगवान परशुराम की जयंती राजकीय उच्च विद्यालय के प्रांगण में शहीद जनकल्याण समिति के तत्वाधान में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समित प्रधान, विनोद शर्मा व मंच संचालन समिति सचिव भूपसिंह ने किया।

कार्यक्रम में बतौर अतिथि पहुंचे हरियाणा जाग्रति मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट राजेश सिंधू, मोर्चा लिगल सैल प्रभारी एडवोकेट राजेन्द्र सूई व समाजसेवी पण्डित सीताराम ने भगवान परशुराम को नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि महापुरूष की एक जाति, धर्म या समाज के नहीं होते है, वह सर्व समाज के होते है। भगवान परशुराम एक अच्छे गुरु सिद्धान्त कुसूल होने के साथ साथ सृष्टि प्रकृति व प्रकृति से जुड़े जीवन पशु पक्षी वृक्ष फूल पौधों से प्रेम करने वाले तथा नारी धर्म का भी सम्मान करने वाले महान व्यक्तित्व थे।



## कांग्रेस की सरकार बनते ही अग्निवीर योजना को किया जाएगा खत्म : दान सिंह

■ केजरीवाल की जमानत पर राव दानसिंह ने जताई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा सैनिकों और किसानों की भूमि हैं। दक्षिण हरियाणा के प्रत्येक परिवार से एक व्यक्ति सेना में भर्ती होकर देशसेवा कर रहा हैं। लेकिन अग्निवीर योजना शुरू होने के बाद युवाओं के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया हैं। कांग्रेस की सरकार बनने पर सबसे पहले अग्निवीर योजना को बंद किया जाएगा तथा युवाओं स्थाई रोजगार दिया जाएगा। उक्त विचार इंडिया गठबंधन के महेंद्रगढ़ लोकसभा प्रत्याशी राव दानसिंह ने नारनौल विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने गांव डेरोली अहीर, सिहमा, पटीकरा, नारनौल शहर के मोहल्ला जमालपुर, मोहल्ला मिश्रवाड़ा, केशवनगर, सलामपुरा, पुरानी सब्जीमंडी, अनाजमंडी, आजाद चौक नारनौल में जनसभा का आयोजन किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राव दानसिंह का जोरदार स्वागत किया। वहीं नंबरदार एसोसिएशन महेंद्रगढ़ ने राव दानसिंह को अपना समर्थन दिया तथा चुनाव में हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

राव दानसिंह ने सुप्रीम कोर्ट से मिली दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा 400 पार नारा जुमला साबित होगा। पिछले विधानसभा में भाजपा ने हरियाणा में 75 पार का नारा दिया था। लेकिन भाजपा सरकार को केवल 40 सीट मिली थी। भाजपा सरकार के कहना है कि इस बार चुनाव जीतने पर संविधान बदलाव करेंगे। लेकिन लोगों ने सरकार ही बदलने का मन बना लिया हैं। उन्होंनें कहा कि आज महंगाई, बेरोजगारी व कानून व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि व श्रम क्षेत्र एवं युवाओं व मजदूरों का बुरा हाल है। हर वर्ग सरकार से दुखी है। बीजेपी द्वारा किए गए वायदे प्रति वर्ष दो करोड़ रोजगार देने,15 लाख खाते में डालने, किसानों की आय दुगनी करने, काला धन वापस लाने एवं अन्य लोक लुभावने वायदे झूठे साबित हो रहे हैं। उन्होंनें मतदाताओं से अपील की कि वे हरियाणा में 25 मई को लोकसभा चुनाव मतदान में अपने वोट का सही इस्तेमाल करें। तभी हरियाणा का विकास संभव हो सकेगा।

## 21 बार धरती से पापियों का किया था संहार



**चरखी दादरी।** ग्रामीण अंचल ब्राह्मण जनकल्याण समिति द्वारा देबीढ़ाणा रोड स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में अक्षय तृतीया भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया। समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भगवान परशुराम की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित तथा पुष्प अर्पित कर पूजन-आरती की। उसके पश्चात हवन यज्ञ का आयोजन किया तथा भगवान परशुराम की जयघोष से धर्मशाला का वातावरण भक्तिमय हो गया। समिति प्रधान रामानन्द शर्मा व पूर्व प्रधान सुबेदार दयाराम बलकरा ने बताया कि भगवान परशुराम के जीवन से अन्याय अत्याचार के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा मिलती है, क्योंकि पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान श्रीनारायण ने अपने छठे अवतार में पृथ्वी लोक में ऋषि जगदंमिनी के घर में परशुराम के रूप में अवतार लिया था। उन्होंने अन्याय अत्याचार के खिलाफ अस्त्र-शस्त्र उठाकर 21 बार धरती से पापियों का संहार किया था। इस अवसर पर उपप्रधान छोटूराम घसौला, शशीकांत भारद्वाज, जयभगवान, कृष्ण रावलधी, मनीराम शर्मा खातीवास, बल्लू पहलवान, अक्षय महराणा, सुबेदार मेजर जयचन्द, संदीप रावलधी आदि मौजूद रहे।

## भगवान परशुराम चौक पर पूजा-अर्चना कर मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**तोशाम।** तोशाम स्थित भगवान परशुराम चौक पर ब्राह्मण समाज सहित सर्वसमाज के लोगों ने भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना कर भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया। इस दौरान बतौर अतिथि पहुंचे भाजपा नेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी अनिल शर्मा, व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र बापोड़ा तथा तोशाम के सरपंच राजेश तंवर ने भगवान परशुराम की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। तत्पश्चात अतिथियों को भगवान परशुराम का प्रतीक पीतवर्ण का दुपट्टा ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। भाजपा नेता शर्मा ने कहा कि महापुरुष कभी किसी एक विशेष जाति के नहीं होते, बल्कि वह तो सर्वसमाज के होते हैं। सभी महापुरुषों से हमें प्रेरणा लेकर उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। बापोड़ा ने कहा कि भगवान विष्णु के छठे अवतार तथा वैदिक संस्कृति के रक्षक भगवान परशुराम को महादेव ने शस्त्र विद्या दी थी, इसके साथ ही भगवान शिव ने ही उन्हें श्रेष्ठ योद्धा का वरदान दिया था। इस अवसर पर योगेश कौशिक, सुनील शर्मा, डॉ. कुलदीप भारद्वाज, सेठ रत्नलाल ईशरवाल वाले, डॉ. सुमित कौशिक, संजय नाफरिया, डॉ. विकास शर्मा, संदीप पंघाल, पवन सैनी, डॉ. सुरेंद्र शर्मा, अश्विनी पाराशर, जयप्रकाश शास्त्री, बलजीत श्योराण, संदीप शर्मा आदि मौजूद थे।



भगवान परशुराम चौक पर पुष्पांजलि अर्पित करते लोग।



**तोशाम।** भगवान परशुराम को नमन करते ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के पदाधिकारी।

## ग्राम स्वराज किसान मोर्चा ने मनाई भगवान परशुराम जयंती

**तोशाम।** शुक्रवार को तोशाम की नई अनाज मंडी में ग्राम स्वराज किसान मोर्चा ने भगवान परशुराम जयंती मनाई। इस मौके पर हल्का प्रधान ईश्वर बागनवाला ने कहा कि भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार में सृष्टि में विराजमान है। उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम का जन्म धरती से अराजकता को मिटाने के लिए हुआ था। उनकी प्रेरणा लेते हुए किसानी संगठन ने भगवान परशुराम को श्रद्धासुमन पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर राजबीर बागनवाला, मुकेश नंबरदार, सुरेश मिताथल, जयवीर, साहिल श्योराण, राकेश, अनिल, चान्दीराम आदि उपस्थित रहे।




**तोशाम।** गौशाला में सवामणी लगाते सभा पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## परशुराम जयंती पर बाल आश्रम में फल वितरित किए

**चरखी दादरी।** भगवान श्रीपरशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में दादरी की सामाजिक संस्था नूतन ब्राह्मण सभा ने श्रीकृष्ण गोशाला में सवामणी लगाई और बाल आश्रम में फल वितरित किए। नूतन ब्राह्मण सभा के महासचिव एडवोकेट प्रवीन मरहटा ने बताया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। संस्था के प्रधान शशिकांत भारद्वाज व अन्य पदाधिकारियों के सहयोग से सीसीआई बाईपास के समीप श्रीकृष्ण गौशाला में स्वामणी का प्रसाद अर्पित किया। इसके अलावा गौशाला परिसर में संचालित किए जा रहे बाल आश्रम में बच्चों को फल वितरित किए। इससे पहले सुबह श्री ब्राह्मण भवन परिसर में मंत्रोच्चारण के साथ हवन करवाया। उन्होंने बताया कि जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 12 मई रविवार को सुबह 9 बजे शहर की मुख्य सड़कों पर दुपहिया वाहनों पर ध्वजा लगाकर भगवान परशुराम की जय-जयकार के साथ विशाल नगर परिक्रमा निकाली जाएगी।



**भिवानी।** भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते मुख्यअतिथि श्याम सुंदर सनातनी साथ में अन्य गणमान्य लोग। फोटो : हरिभूमि

## महापुरुषों को नहीं बांधना चाहिए जाति के बंधन में : श्याम सुंदर

**भिवानी।** सर्व समाज सेना के संस्थापक श्याम सुंदर सनातनी ने कहा कि भगवान किसी एक जाति विशेष के नहीं होतेए वे सर्व समाज के हित के कार्य करते है। ऐसे में हमें भी भगवान या महापुरूषों को जाति के बंधन में नहीं बांधना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम सत्य एवं धर्म की रक्षा के लिए कभी भी पीछे नहीं हटे। आज उनके दिखाए मार्ग पर चलने की जरूरत है। श्याम सुंदर सनातनी भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर शुक्त्रवार को बदलाव वेलफेयर सोसायटी द्वारा स्थानीय बंसीलाल पार्क में आयोजित कार्यक्त्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।



**तोशाम।** लेफ्टिनेंट अंकित को सम्मानित करते सर्वसमाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

## भगवान परशुराम ने सर्वसमाज को एकसूत्र में पिरोने का किया काम : लेफ्टिनेंट

**तोशाम।** ग्राम सचिवालय गांव बुशान में शुक्रवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव ब्राह्मण समाज बुशान ने बड़े धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी जयसिंह शर्मा बुशानियां ने की तथा अतिथि के तौर पर लेफ्टिनेंट अंकित शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम में भगवान परशुराम द्वारा दी शिक्षाओं का आत्मसात करते हुए राष्ट्र व समाज की उन्नति करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पहुंचे लेफ्टिनेंट अंकित को संडवा, रोढा, ढाणी कतवार व बुशान के ब्राह्मण समाज द्वारा पगड़ी व माला पहनाकर सम्मानित किया। लेफ्टिनेंट अंकित शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार है, जब-जब राक्षसों ने पृथ्वी पर अनाचार व अत्याचार किए थे तब भगवान परशुराम ने राक्षसों का कल्याण किया था। इस मौके पर प्रधान नरेश शर्मा, पूर्व सरपंच बीरसिंह, चैयरमेन विक्रम सिंह, रोशन शर्मा, सत्यवान शर्मा, लक्ष्मीनारायण शर्मा, डॉ. ओमप्रकाश, प्रेम, राजेश शास्त्री, किरशन शर्मा, बृजपाल फौजी, रामनिवास फौजी, प्रदीप, रामबीर, राजेश, उपेन्द्र, पवन शर्मा, शास्त्री विकास, शीशराम शर्मा, लक्ष्मीनारायण चौहान आदि मौजूद थे।

## मोदी की बदौलत देश की विश्व में बनी पहचानः धर्मबीर

■ शहर में समर्थकों ने निकाला रोड शौ, 72 जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन कर व्यापारियों ने धर्मबीर को पलकों पर बैठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** शहर में रोड शौ के दौरान भाजपा उम्मीदवार को सम्मानित करते हुए।

शुक्रवार को भाजपा समर्थकों ने भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोस प्रत्याशी एवं निर्वतमान सांसद धर्मबीर सिंह के समर्थन में रोड शो निकाला। शहर के लोगों व व्यापारी तबके ने निर्वतमान सांसद धर्मबीर सिंह का 72 जगह स्वागत किया। भाजपा उम्मीदवार धर्मबीर सिंह ने रोड शो में शामिल होकर पैदल मार्च कर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। इस दौरान निर्वतमान सांसद धर्मबीर सिंह ने हांसी गेट स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पर्पित किए, शहीद मदनलाल ढिंगड़ा, पंडित नेकीराम शर्मा, चौ. बंसीलाल, भगवान परशुराम की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित किए। साथ ही उन्होंने उक्त महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा व शिक्षा लेकर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर धर्मबीर सिंह ने कहा कि सही मायने में आज से चुनाव प्रचार शुरू किया है। महापुरुषों की बदौलत आज देश की संस्कृति जिंदा है। रोड शो में पूर्व विधायक शशि रंजन परमार, जिला महामंत्री शिवकुमार पराशर व हर्षवर्धन मान, संदीप श्योराण, ठा. विक्रम सिंह भी उपस्थित रहे।

**72 स्थानों पर स्वागत :** पैदल मार्च के दौरान भाजपा प्रत्याशी निर्वतमान सांसद धर्मबीर सिहं का भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ व शहर के व्यापारियों द्वारा 72 स्थानों पर फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नवीन कुमार गुप्ता ने बताया कि इस दौरान धर्मबीर सिंह को 21 जगहों पर लड्डूओं से तोला व पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रामदेव तायल, संदीप भूत, अमित महता, राजेश चांगिया, गोपाल कुमाहरीवाला, जयभगवान पिंटु,कपिल शर्मा, बृजलाल सर्राफ, पवन केडिया, पवन सुगला,बिजू हलवाई, जोगीराम सावड़िया, मनीष अग्रवाल, ललित गोयल, अंशुल लोहिया, रिषभ सिंगल, पवन रानी सतीया, सुनील सर्राफ, मनोज सोनी, प्रवीन, नारंग, अजय बनारसीदास गुप्ता, आनंद बासिया, रितेश मित्तल, सोरभ , ललित मित्तल मोदी, रवि भगनका, कमलेश चौधरी, देवराज बासिया, बालकिशन, प्रमोद पुनीवाला, रमेश सोनी, गोपाल बुद्धिया, मोहन भृघ, सुभाष जिंदल, हरिश ठुकराल, हेमंत चमड़िया, अनिल सोनी, विनोद छपारिया, दीपक वैद्य, विजय लालावासिया, गणेश बेरलिया, नीत कानोडिया, पिंटु चपमड़िया, विष्णु घीवाला, पवन घी वाला, प्रकाश मोडा, मामनचंद अग्रवाल, राजीव बिंदल आदि मौजूद रहे।

## आदर्श गांव सुई में मनाई भगवान परशुराम जयंती

**बवानीखेड़ा।** आदर्श गांव सुई में भगवान परशुराम जयंती मनाई गई। इस अवसर पर डॉक्टर उमेद शर्मा ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और कहा कि भगवान परशुराम एक महान योद्धा थे और सब की भलाई के लिए कार्य किया असत्य पर सत्य के लिए कार्य किया और अन्य के खिलाफ लड़ाई और उन्होंने समाज सुधार में विशेष योगदान दिया भगवान परशुराम विष्णु भगवान के छठे अवतार थे और आज वह इस संसार में अमर है क्योंकि उन्होंने संसार की भलाई के लिए काम किया । इस अवसर रमन शर्मा लव शर्मा, भास्कर शर्मा, खुशी शर्मा, मुरारी लाल, नेवी भगवान परशुराम के जन्मोत्सव में भाग लिया और मनाया और सभी ने भगवान परशुराम के चरणों में नमन किया पुष्प किए।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया

**चरखी दादरी।** अक्षय तृतीया व भगवान परशुराम जन्म महोत्सव के उपलक्ष्य में रवि इंडियन कोचिंग स्कूल परिसर में हवन का आयोजन किया, जिसमें स्कूल निदेशक रविंद्र वशिष्ठ सहित आसपास के मौजिज लोगों, विद्यार्थियों व अभिभावकों ने आहुति अर्पित करते हुए समस्त विश्व के लिए मंगल कामना की। स्कूल डायरेक्टर रविंद्र वशिष्ठ ने सभी से भगवान परशुराम के दिखाए न्यायोचित मार्ग पर चलते हुए समाज को सबल और समर्थ बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम ने सर्वजनहिताय सर्वजनसुखाय का जो संदेश दिया है वह हमारे लिए अनुकरणीय है। वर्तमान हालातों में ये और भी प्रासांगिक हो चला है कि हम सभी को आज जो विश्व में अशांति का माहौल व्याप्त है उसे दूर करने के लिए अधिक से अधिक आपसी प्रेम व भाईचारे को बढाने के लिए अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर रामसिह शर्मा, महावीर कौशिक, देवकीनंदन भारद्वाज , दिनेश वशिष्ठ, राहुल मराठा , रविंद्र शर्मा, संजीव शास्त्री, अंकित पवार, मास्टर नीरज, प्रीति, पूजा वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।



हवन में आहुति अर्पित करते स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### फर्जी मुठभेड़ व लाखों की ठगी मामले में देरी से गुस्साए ग्रामीण

# पिलाना ग्राम पंचायत ने लिया लोस चुनाव के बहिष्कार का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** उपायुक्त मनदीप कौर को ज्ञापन देते पीड़ित पक्ष व ग्रामीण।

फर्जी मुठभेड़ व 10 लाख रुपये ठगने के मामले में न्याय मिलने में देरी से नाराज पिलाना गांव की पंचायत पिलाना व पीड़ित पक्ष ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में निष्पक्ष जांच व दोषी पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। ज्ञात रहे कि पिलाना निवासी युवक ने पुलिस पर गिरफ्तारी के बाद गोली मारकर फर्जी मुठभेड़ दिखाने व 10 लाख रुपये लेने के आरोप लगाए थे। मामले में लंबे समय तक आंदोलन चला था। मगर पीड़ित पक्ष पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। अधिवक्ता संजीव तक्षक ने बताया कि 8 जनवरी से फर्जी मुठभेड़ को लेकर दादरी जिले में धरने प्रदर्शन व न्याय की मांग की जा चुकी है, लेकिन पुलिस की तरफ से आश्वासन के अतिरिक्त कुछ नहीं मिला है। इस मुकद्दमें में ग्राम पंचायत पिलाना व अन्य खाप पंचायतों सहित सामाजिक-धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा आंदोलन तक किया जा चुका है। तक्षक ने बताया कि आंदोलन करने के पश्चात जांच एसटीआई झज्जर को सौंपी, मगर कोई सकारात्मक कार्रवाई न करने के बाद जांच पुनः दादरी पुलिस प्रशासन के पास वापस आ गई। अब दादरी पुलिस द्वारा पीड़ित पक्ष को कार्रवाई करने बाबत कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया जा रहा है, मामले को ठंडे बस्ते में डालने की कोशिश की जा रही है।

**अन्य जिलों के पार्षद से मुलाकात कर कड़ा निर्णय लेंगेः** जिला पार्षद सोनू पिलाना ने कहा कि अब पीड़ित पक्ष को न्याय मिलने में देरी हुई तो वे जिला रोहतक, भिवानी व दादरी के अन्य जिला पार्षदों से मुलाकात कर कड़ा निर्णय लेने पर मजबूर होंगे। इस अवसर पर पिलाना गांव से जसवंत, संजय, मनजीत, बिजेन्द्र, रामभगत मास्टर, संजय साहू, शीतल साहू अधिवक्ता, कुलदीप नम्बरदार, मुन्नीराम नम्बरदार, सुन्दर ठेकेदार आदि उपस्थित थे।

**सड़कों पर उतरने की दी चेतावनीः** पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया कि एक माह से एसपी पूजा वशिष्ठ नहीं मिल रही। पुलिस प्रशासन से नाराज होकर ग्राम पंचायत ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि चुनाव तक मामले में न्याय नहीं मिला तो वे 25 मई के लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करेंगे। पिलाना पंचायत के सरपंच एवं ग्रामीणों ने डीसी मनदीप कौर से आग्रह किया कि मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए निष्पक्ष जांच करवाएं। अब शांत नहीं बैठेंगे, यदि जल्द ही न्याय नहीं मिला तो दोबारा से सड़कों पर पुलिस की कार्यप्रणाली का विरोध करेंगे व एसपी आवास का घेराव किया जाएगा।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू | 12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
CUET S.S.C.
अग्निवीर C.E.T.
रेलवे N.D.A.
अनुभवी अध्यापक नोटस पैकेज शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली (च. दादरी) नजदीक बस स्टैण्ड
9416330206, 9050035973